# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा, जयपुर–302026 (कार्यालय दूरभाष नम्बर 0141–5130243)

**क्रमांकः प(58)/जरारासंविवि/परीक्षा आयो./16/** **दिनांकः**

## *<u>ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने सम्बन्धी सूचना</u>*

[1] **<u>शिक्षाशास्त्री व शिक्षाचार्य</u>** के विश्वविद्यालय परिसर व सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों के नियमित/पूर्व परीक्षार्थियों से परीक्षा 2016 के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाईट www.jrrsuraj.com से भरे जाने का कार्यक्रम निम्नानुसार जारी किया जाता है :–

| **बिना विलम्ब शुल्क** | **विलम्ब शुल्क रूपये 100/– सहित** | **परीक्षा फीस के बराबर (दोगुना फीस सहित)** |
|---|---|---|
| **08.03.2016 से 21.03.2016 तक** | **22.03.2016 से 28.03.2016 तक** | **29.03.2016 से 02.04.2016 तक** |

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध शिक्षाशास्त्री महाविद्यालयों के प्राचार्य परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने व अग्रेषण कर विश्वविद्यालय में भिजवाने से संबंधित आवश्यक दिशा–निर्देश उक्त वेबसाईट से प्राप्त करें। परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा फीस, आवेदन पत्र की हार्डकॉपी जमा कराने व अन्य आवश्यक दिशा–निर्देश उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।

आवेदन पत्र भरने संबंधी समस्या के समाधान हेतु हैल्पलाईन नम्बर 8561809619 पर कार्यालय समय में जानकारी ली जा सकती है। अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाईट से प्राप्त करें।

**परीक्षा नियंत्रक**

**क्रमांकः प(58)/जरारासंविवि/परीक्षा आयो./16/** **दिनांकः**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, मा.कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर।
2. निजी सहायक, कुलसचिव महोदय, जरारासंविवि, जयपुर।
3. वित्त नियंत्रक महोदय, जरारासंविवि,जयपुर।
4. सहायक कुलसचिव (सा.प्र) जरारासंविवि,जयपुर को प्रति भेजकर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को अनुमोदित विज्ञापन एजेन्सी के माध्यम से राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर (राजस्थान के समस्त संस्करणों) में **दिनांक ..............** के अंक में विज्ञापित करवायें।
5. संबंधित कम्प्यूटर एजेन्सी।
6. प्रबन्धक, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर, विजय पथ, मानसरोवर, जयपुर व इलाहाबाद बैंक, मदाऊ, जयपुर

**परीक्षा नियंत्रक**

# जगद्‌गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

ग्राम – मदाऊ, पोस्ट – भांकरोटा, जयपुर – 302026

**क्रमांकः प(58)/जरारासंविवि/परीक्षा आयो./16/** **दिनांकः**

**शिक्षाशास्त्री व शिक्षाचार्य परीक्षा 2016 के लिए ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरवाने संबंधी दिशा निर्देश**

जगद्‌गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा शिक्षाशास्त्री व शिक्षाचार्य परीक्षा 2016 के लिए ऑनलाईन परीक्षा फार्म भर कर डाउनलोड करने की सुविधा व बैक चालान द्वारा परीक्षा शुल्क इलाहाबाद बैक व स्टेट बैक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर की शाखाओं में जमा करने की प्रक्रिया दिनांक 08.03.2016 से आरम्भ होगी।

**ऑनलाईन परीक्षा फार्म डाउनलोड करने हेतु दिशा–निर्देश :–**

**परीक्षार्थी सर्वप्रथम बेबसाईट www.jrrsuraj.com पर visit करें।**

1. परीक्षार्थी जिस कक्षा के लिए आवेदन करना चाहता है, सर्वप्रथम उस कक्षा से सम्बन्धित Button पर Press करें।
2. **शिक्षाशास्त्री व शिक्षाचार्य के लिए आवेदन :–**

   शिक्षाशास्त्री द्वि–वर्षीय पाठ्यक्रम (प्रथम वर्ष) व शिक्षाचार्य सेमेस्टर कक्षाओं हेतु (नवीन) आवेदन पत्र चयन उपरान्त जो परीक्षा आवदेन–पत्र खुलता है, उसमें सभी प्रविष्टियों को अपने स्तर पर भरकर तकनीकी विधि से अपना फोटो तथा हस्ताक्षर स्केन कर परीक्षा आवेदन–पत्र के निर्धारित स्थान पर Attach करने के पश्चात Print Button पर क्लिक कर के दो प्रति परीक्षा आवेदन–पत्र की Print करें। जिन परीक्षार्थियों का विश्वविद्यालय में पूर्व में नामांकन नहीं है उन्हें वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन भरते समय नामांकन नहीं होने की जानकारी देनी होगी, जिससे उनके लिए आवेदन पत्र के साथ ही नामांकन/योग्यता आवेदन पत्र का भी प्रिंट प्राप्त होगा। परीक्षार्थी एक प्रति चालान की भी Print करें। चालान के चार भाग होंगे। प्रथम एवं द्वितीय भाग बैंक के लिए, तृतीय भाग विश्वविद्यालय कार्यालय के लिए तथा चतुर्थ भाग परीक्षार्थी के लिए होगा।
3. **बैंक चयन :–**परीक्षार्थी को वेबसॉइट पर ऑनलाईन परीक्षा फार्म डाउनलोड करने एवं प्रविष्थियॉ करते समय परीक्षा शुल्क चालान द्वारा जमा कराने हेतु निम्न में से एक बैंक का चयन करना होगा। चयन करते समय अभ्यर्थी राजस्थान राज्य की किसी भी निकटतम शाखा का शुल्क जमा करवाने के लिए सुविधानुसार चयन करें–

   (i) **स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर**

   (ii) **इलाहाबाद बैंक**
4. **परीक्षा शुल्कः–**चालान की प्रति में निर्धारित परीक्षा शुल्क की राशि मुद्रित होगी। बैंक द्वारा प्राप्त चालान जिससे कि परीक्षा शुल्क जमा किया गया है, मूल प्रति (विश्वविद्यालय कार्यालय प्रति) को परीक्षा फार्म की हार्ड कापी के साथ संलग्न कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की निर्धारित तिथि से अगले दो कार्य दिवस तक जमा करावें। नियमित व पूर्व परीक्षार्थी सम्बधित महाविद्यालय में (संलग्न

सूची अनुसार) जमा करावें। विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा फार्मो पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः ऐसे परीक्षा फार्म स्वतःनिरस्त समझे जाएंगे।

**निर्धारित बैक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम (जैसे नगद/बैक डी.डी./पोस्टल ऑर्डर आदि) के द्वारा जमा कराया गया परीक्षा शुल्क मान्य नही होगा।**

5. जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के अतिरिक्त परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थी अपना मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र (माईग्रेशन) एवं अंकतालिका की सत्यापित फोटोप्रति संलग्न करें। ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र के साथ नामांकन/योग्यता आवेदन–पत्र भी संबंधित महाविद्यालय में जमा करवाना होगा। उस महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र के साथ नामांकन/योग्यता आवेदन पत्र भी अग्रेषित किया जायेगा। अतः ऐसे परीक्षार्थी को मूल (माईग्रेशन) प्रवजन प्रमाण–पत्र व उत्तीर्ण परीक्षा की अंकतालिका की सत्यापित फोटोप्रति परीक्षा आवेदन पत्र सहित नामांकन/योग्यता आवेदन के साथ भेजना अनिवार्य है। इनके अभाव में परीक्षा आवेदन–पत्र निरस्त कर दिये जाएंगें। जिन परीक्षार्थियों ने शैक्षणिक सत्र में अध्ययन के दौरान नामांकन/योग्यता आवेदन पत्र महाविद्यालय प्राचार्य के माध्यम से अग्रेषित कर विश्वविद्यालय में भिजवा दिया है, उन्हें नामांकन/योग्यता आवेदन पत्र ऑनलाईन से भरने की आवश्यकता नहीं है।
6. जो छात्र पूर्व में ही विश्वविद्यालय में शास्त्री/आचार्य परीक्षा वर्ष 2015 में नामांकित हैं तथा परीक्षा वर्ष 2016 में शिक्षाशास्त्री व शिक्षाचार्य में सम्मिलित हो रहे हैं, उन्हें अपनी उत्तीर्ण कक्षा की अंकतालिका की सत्यापित फोटो प्रति परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। ऐसे परीक्षार्थियों को नामांकन/योग्यता आवेदन पत्र ऑनलाईन से भरने की आवश्यकता नहीं है।
7. सम्बन्धित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियॉ पूर्ण रूप से भरी जा चुकी हैं। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे–परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व में उत्तीर्ण किए गये अनिवार्य प्रश्न–पत्रों के नाम, पूर्व की कक्षा में प्राप्त किए गये अंकों का विवरण (कम्पाईलेशन), पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नही पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन–पत्र जमा कर **चालान के पीछे जमाकर्त्ता के हस्ताक्षर एवं महाविद्यालय की मुहर अंकित कर** परीक्षार्थी को रसीद के रूप में प्रदान करें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना है कि आवेदन–पत्र की कम्प्यूटर प्रति ऊपर रहे तथा उसके नीचे कार्यालय प्रति आवश्यक अंकतालिकाओं आदि के साथ संलग्न हो।
8. जो छात्र गत वर्ष इस विश्वविद्यालय की शिक्षाशास्त्री व शिक्षाचार्य परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं, वे सम्बन्धित कक्षा का चयन करने के पश्चात् Proceed कर गत वर्ष दी गई परीक्षा 2015 का अनुक्रमांक (Roll No) Enter करें। Roll No. Enter करने के पश्चात् जो परीक्षा आवेदन–पत्र खुलता है, उसमें Name in Hindi, Date of Brith, Postal Address, Mobile Number, आदि प्रविष्टियों को भरकर Print पर क्लिक कर Print प्राप्त करें। Print out की समस्त प्रविष्टियों की परीक्षार्थी अपने स्तर पर जॉच कर उपर्युक्त बिन्दू संख्या 1, 2, 3, 5, 6 व 7 के अनुसार परीक्षा आवेदन–पत्र एवं चालान की प्रति जमा करावें। उन्हें अपनी 2015 की परीक्षा

की अंकतालिका की फोटो प्रति परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। इस फार्म में नाम, पिता का नाम, माता के नाम, एनरोलमेन्ट आदि में कोई त्रुटि हो तो छात्र स्वयं ठीक करें। जिन छात्रों के फार्म किसी कारणवश रोल न. से उपलब्ध नहीं हो सके, वे फ्रेश फार्म भरें।

9. जो छात्र अन्तराल के कारण गत वर्ष इस विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए हैं, उनका मुख्य परीक्षा 2015 का Roll No. नहीं होगा। अतः उन्हें नया आवेदन–पत्र भरना होगा। वे सम्बन्धित कक्षा का चयन करने के पश्चात् जो आवेदन–पत्र खुलता है, उसमें सभी प्रविष्टियों को अपने स्तर पर भरकर Print पर क्लिक कर दो प्रति परीक्षा आवेदन–पत्र की एवं एक प्रति चालान की प्रिन्ट करें तथा बिन्दू संख्या 2, 3 व 4 के अनुसार परीक्षा आवेदन–पत्र सम्बन्धित महाविद्यालय व चालान की प्रति द्वारा परीक्षा शुल्क निर्धारित निकटतम बैक शाखा में जमा करावें।

10. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र एवं चालान की प्रति प्राप्त करने के पश्चात् नियमित/पूर्व परीक्षार्थी चालान फार्म के अनुसार निर्धारित **स्टेट बैक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर अथवा इलाहाबाद बैंक** की राजस्थान में स्थित किसी भी नजदीकी शाखा में परीक्षा शुल्क नगद जमा करने के निश्चित समय में चालान में उल्लेखित निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा कराएंगे। परीक्षा 2016 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आवेदन शुल्क, परीक्षा शुल्क, विकास शुल्क, अंकतालिका शुल्क, इत्यादि निम्नानुसार है :–

**I. परीक्षा शुल्क शिक्षाशास्त्री परीक्षा 2016**

| क्र.स. | शुल्क का विवरण | नियमित | पूर्व |
|---|---|---|---|
| 1 | आवेदन शुल्क | 50 | 50 |
| 2 | परीक्षा शुल्क | 1580 | 1580 |
| 3 | अंकतालिका शुल्क | 50 | 50 |
| 4 | अनन्तिम प्रमाण पत्र शुल्क | 100 | 100 |
| 5 | विकास शुल्क | 100 | 100 |
| 6 | परीक्षा शुल्क प्रभार | 0 | 50 |
| | **कुल योग** | **1880** | **1930** |

**II. परीक्षा शुल्क शिक्षाचार्य परीक्षा 2016**

| क्र.स. | शुल्क का विवरण | नियमित | पूर्व |
|---|---|---|---|
| 1 | आवेदन शुल्क | 50 | 50 |
| 2 | परीक्षा शुल्क | 1500 | 1600 |
| 3 | अंकतालिका शुल्क | 50 | 50 |
| 4 | अनन्तिम प्रमाण पत्र शुल्क | 100 | 100 |
| 5 | विकास शुल्क | 100 | 100 |
| 6 | परीक्षा शुल्क प्रभार | 0 | 50 |
| | **कुल योग** | **1800** | **1950** |

**नोट :–शिक्षाशास्त्री एवं शिक्षाचार्य के परीक्षार्थी जिनका कि विश्वविद्यालय में नामांकन नहीं है, उन्हें निम्नानुसार शुल्क जमा कराना है।**

| **क्र.स.** | **नामांकन शुल्क** | **योग्यता शुल्क** (वे अभ्यर्थी जिन्होंने जरारासंविवि के अतिरिक्त किसी अन्य संस्था से योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण की हो) |
|---|---|---|
| 1 | राशि रूपये = 75 /– | राशि रूपये = 75 /– |

**नोट :–** 1. उक्त निर्धारित परीक्षा शुल्क की राशि बैंक चालान में मुद्रित होगी जिसे परीक्षार्थी को चयनित निकटतम बैंक शाखा में जमा करवाना होगा।

2. पूर्व परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र पूर्व के संबंधित महाविद्यालय में प्राचार्य द्वारा अग्रेषण हेतु जमा करवाना होगा।

11. परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र आवंटित करने संबंधी सूचना उनके परीक्षा प्रवेश पत्र में उपलब्ध करायी जावेगी।
12. शिक्षाशास्त्री द्वि–वर्षीय पाठ्यक्रम (प्रथम वर्ष) व शिक्षाचार्य सेमेस्टर परीक्षा 2016 की पात्रता संबंधी संपूर्ण जानकारी विश्वविद्यालय द्वारा जारी नवीनतम पाठ्यक्रम 2016 में उपलब्ध है। उक्त पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.jrrsanskrituniversity.ac.in पर देखा जा सकता है।
13. विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त समस्त महाविद्यालयों की सूची वेबसाईट पर उपलब्ध है। परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र आवंटित करने सम्बन्धी सूचना उनके प्रवेश पत्र पर उपलब्ध कराई जावेगी।
14. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी समस्त जानकारियॉ जैसे दिशा निर्देश, परीक्षा फीस का विवरण एवं महाविद्यालयों संबंधी सूचना वेबसाइट www.jrrsuraj.com पर उपलब्ध है। परीक्षार्थी पूर्ण रूपेण सही भरे हुये परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी, परीक्षा फीस के चालान जिसे बैंक में जमा करवा दिया गया है, की विश्वविद्यालय प्रति सहित, अन्तिम तिथि से अगले दो कार्य दिवस में सम्बन्धित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करायें। **ऐसे छात्र जो बैंक में चालान फार्म के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् निर्धारित समय सीमा में परीक्षा फार्म संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं कराते हैं, उन्हें सिर्फ परीक्षा शुल्क जमा कराने के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने की स्वीकृति नहीं दी जाएगी।** शुल्क जमा कराने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में शुल्क नहीं लौटाया जायेगा।
15. परीक्षार्थी किसी भी परिस्थिति में डाक द्वारा सीधे विश्वविद्यालय को परीक्षा फार्म प्रेषित नहीं करें अन्यथा ऐसे फॉर्म निरस्त कर दिए जाएंगे।
16. वेबसाईट पर परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय परीक्षार्थी ऑनलाईन कम्प्यूटर संबंधी समस्या हेतु सहायता के लिए हेल्पलाईन नम्बर 8561809619 पर कार्यालय समय में संपर्क कर सकते हैं।
17. परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय परीक्षार्थी को परीक्षा नियम/पेपर अथवा अन्य समस्या आ रही हो तो उसके संबंध में विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में दूरभाष नम्बर 0141–5130243 पर कार्यालय समय में सम्पर्क कर सकते हैं।

**परीक्षा नियंत्रक**

**क्रमांकः प(58)/जरारासंविवि/परीक्षा आयो./16/** **दिनांकः**

प्रतिलिपि :–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, मा. कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर।
2. निजी सहायक, कुलसचिव, जरारासंविवि, जयपुर।
3. वित्त नियंत्रक, जरारासंविवि, जयपुर।
4. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षाशास्त्री व शिक्षाचार्य, जरारासंविवि।
5. सहायक कुलसचिव, सा.प्र., जरारासंविवि, जयपुर।
6. संबंधित कम्प्यूटर एजेन्सी।
7. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट को प्रति प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति व दिशा निर्देश को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड की व्यवस्था करें।
8. प्रबन्धक, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर, विजय पथ, मानसरोवर, जयपुर व इलाहाबाद बैंक, मदाऊ, जयपुर को आवश्यक व्यवस्थाएँ करने हेतु।

| क्र.सं. | बैंक का नाम | बैंक खाता संख्या |
|---|---|---|
| 1 | स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर | POWER JOYTI A/C<br>61207278479 |
| 2 | इलाहाबाद बैंक | Fees Collection A/C<br>50179048797 |

**परीक्षा नियंत्रक**

संलग्नक–01

पाठ्यक्रम स्वरूप

शिक्षाशास्त्री (बी.एड.) द्वि–वर्षीय पाठ्यक्रम (प्रथम वर्ष) का स्वरूप

(वर्तमान छात्रों के लिए)

कुल अंक – 1100

| प्रश्न पत्र सं. Paper No. | अध्येयांश कूट Course Code | प्रश्न पत्रों के नाम Title of the Papers | अध्येयांश श्रेणी Course Category | मूल्यांकन Evalution | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | बाह्य External | आन्तरिक Internal | पूर्णांक Total Marks |
| I. | S.S. 101 | बाल्यावस्था एवं विकास प्रक्रिया | संकेन्द्रिक परिपेक्ष्य (Core Perspective) | 80 | 20 | 100 |
| II. | S.S. 102 | समसामयिक भारत एवं शिक्षा | संकेन्द्रिक परिपेक्ष्य (Core Perspective) | 80 | 20 | 100 |
| III. | S.S. 103 | अधिगम एवं शिक्षण प्रक्रिया | संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory) | 80 | 20 | 100 |
| IV. | S.S. 104 | भाषा एवं पाठ्यक्रम | संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory) | 40 | 10 | 50 |
| V. | S.S. 105 | अध्ययन क्षेत्र एवं विषय अवबोधा | संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory) | 40 | 10 | 50 |
| VI. | S.S. 106 | जेंडर विद्यालय एवं समाज | संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory) | 40 | 10 | 50 |
| VII. | S.S. 112 | शिक्षा का दार्शनिक एवं सामाजिक परिपेक्ष्य | संकेन्द्रिक परिपेक्ष्य (Core Perspective) | 80 | 20 | 100 |
| VIII. | S.S. 113 | संस्कृत शिक्षण (अनिवार्य शिक्षणशास्त्र) | अनिवार्य शिक्षणशास्त्र (Compulsory Pedagogy) | 80 | 20 | 100 |
| विद्यालय सम्बद्धता (School Internship) | | (I) शिक्षण अभ्यास | | 125 | 125 | 250 |
| | | (II) विद्यालय गतिविधियॉ | | 50 | 50 | 100 |
| ई.पी.सी. (EPC)-1 | | (अ) संस्कृत संभाषण कौशल विकास | | 20 | 20 | 40 |
| | | (ब) पाठ्यक्रम पठन एवं चिन्तन (ध्येय बिन्दुओं से सम्बद्ध) | | 20 | 20 | 40 |
| ई.पी.सी. (EPC)-2 | | शिक्षा में नाट्य एंव कला (शैक्षिक गतिविधियॉ) | | 10 | 10 | 20 |

- **EPC ई.पी.सी. –Enhancing Processional Capacities (व्यावसायिक अभिक्षमता विकास)।**

संलग्नक–02

## (पूर्व विद्यार्थियों के लिए)

## एकवर्षीय पाठ्यक्रम

### शिक्षाशास्त्री हेतु आवंटित विषय निम्नानुसार हैं–

| S.No. | Paper No. | Paper | Paper Code No. |
|---|---|---|---|
| 1 | I | Edu. Phil & Emerging Indian Society | 6101 |
| 2 | II | Dev. Of Lear. Psycho. Of teaching & Learning | 6102 |
| 3 | III | Sch.Edu. Manag. Ref. Po. | 6103 |
| 4 | IV | Pros. Tea. & Edu. Tech. | 6104 |
| 5 | V | Meth. Of Teac. Sanskrit | 6105 |
| Teaching Sub. VI the Paper offered ( Any one of the following sub.) | | | |
| 6 | VI | Meth. Of Teac. Hindi –VI | 6111 |
| | VI | Meth. Of TeacEnglish –VI | 6112 |
| | VI | Meth. Of Teac. Social St. –VI | 6113 |
| | VI | Meth. Of Teac. History –VI | 6114 |
| | VI | Meth. Of Teac. Civics –VI | 6115 |
| | VI | Meth. Of Teac. Geographgy–VI | 6116 |
| | VI | Meth. Of Teac. Mathematics –VI | 6117 |
| | VI | Meth. Of Teac. Economics –VI | 6118 |
| | VI | Meth. Of Teac. Home Sci. –VI | 6119 |
| 7 | VII | Elementary computer application – Theory & Practical | 6122 |
| Special VIIIth Paper offered ( Any one of the following sub.) | | | |
| 8 | VIII | Edu. And Vocaguidance-VIII | 6125 |
| | VIII | Moral Education-VIII | 6126 |
| | VIII | Yoga Education –VIII | 6127 |
| | VIII | Physical Education –VIII | 6128 |
| | VIII | Sch. Library organisation –VIII | 6129 |
| | VIII | Population Education –VIII | 6136 |
| | VIII | Educational Technology-VIII | 6137 |
| | VIII | Environment Education –VIII | 6140 |
| | VIII | Jyotish & Karmkand –VIII | 6141 |
| 9 | IX | Practice of teaching (Internal Assessment) | 6146 |
| 10 | X | Practice of Teaching (External Assessment) | 6147 |

## संलग्नक–03

## द्विवर्षीय शिक्षाचार्य (एम.एड.) प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रम

(वर्तमान छात्रों के लिए)

| पेपर संख्या | प्रश्न पत्र का नाम | प्रश्न पत्र कोड |
|---|---|---|
| 1 | शिक्षा का दार्शनिक परिपेक्ष्य | 201 |
| 2 | शिक्षा का मनोविज्ञान आधार | 202 |
| 3 | शैक्षिक अनुसंधान | 203 |
| 4 | शैक्षिक प्रौद्योगिकी | 204 |

संलग्नक–04

# (पूर्व विद्यार्थियों के लिए)

## एकवर्षीय पाठ्यक्रम

### शिक्षाचार्य हेतु आवंटित विषय निम्नानुसार हैं–

| S.No. | Paper No. | Paper | Paper Code No. |
|---|---|---|---|
| **1** | I | शिक्षा के दार्शनिक एवं सामाजिक आधार<br>Philosophical and Sociological foundations of Education | 7101 |
| **2** | II | शैक्षिक अनुसंधान की अध्ययन विधियॉ<br>Methods of Educational Research | 7102 |
| **3** | III | शिक्षणाधिगमस्य मनोवैज्ञानिकधारा:<br>Psychological Foundations of Teaching Learning. | 7103 |
| **4** | IV | संस्कृतशिक्षणेतिहास नवाचाराश्च<br>History of Sanskrit Education and new approaches. | 7104 |
| 5 | **V** | **वर्ग– अ (कोई एक प्रश्नपत्र)** | |
| | V | शैक्षिक एवं व्यावसायिक निर्देशन<br>Educational and Vocational Guidance | 7107 |
| | V | अध्यापक शिक्षा<br>Teacher Education | 7108 |
| 6 | **VI** | **वर्ग –ब (कोई एक प्रश्नपत्र)** | |
| | VI | शैक्षिक तकनीकी Educational TechnologyE | 7109 |
| | VI | दूरस्थ शिक्षा Distance Education | 7110 |
| **7** | VII | लघुशोध प्रबन्ध Dessertation | 7113 |

## संलग्नक –5

### नियमित/पूर्व परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा फार्म जमा कराने हेतु शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) महाविद्यालय की सूची

| क्र.सं. | शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय का नाम (संभागवार) | जिले का नाम | महाविद्यालय कोड संख्या |
|---|---|---|---|
| | **(A) जयपुर संभाग :–** | | |
| 1. | राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ, शाहपुरा बाग आमेर रोड़, जयपुर | जयपुर | 101 |
| 2. | जगद्‌गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, शिक्षा संकाय जयपुर | जयपुर | 118 |
| 3. | राजस्थान शिक्षा महाविद्यालय, पं. रामजीलाल शास्त्री मार्ग, सम्राट जी का बाग, ब्रह्मपुरी, जयपुर | जयपुर | 103 |
| 4. | संजय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, लालकोठी स्कीम, टोंक रोड, जयपुर | जयपुर | 102 |
| 5. | आकाशदीप शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सैक्टर–11 अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर **(महिला महाविद्यालय)** | जयपुर | 104 |
| 6. | प्रज्ञा शिक्षक प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय, अशोक विहार, नेशनल सी.सै. स्कूल के पास, जगतपुरा, जयपुर **(महिला महाविद्यालय)** | जयपुर | 112 |
| 7. | सुन्दर शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, अजमेर रोड़, महापुरा, जयपुर | जयपुर | 153 |
| 8. | श्री रामजीलाल स्मृति शिक्षा महाविद्यालय, 122, पंवालिया, सांगानेर, जयपुर | जयपुर | 147 |
| 9. | दीपशिखा शिक्षाशास्त्री (शिक्षक प्रशिक्षण) महाविद्यालय, इन्स्टीट्‌यूशनल एरिया, सीतापुरा, जयपुर | जयपुर | 115 |
| 10. | संस्कार भारती (शिक्षाशास्त्री) शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बगरू, जयपुर | जयपुर | 114 |
| 11. | सिद्धार्थ टीचर्स ट्रेनिग कॉलेज, कोटखावदा, तहसील–चाकसू, जिला–जयपुर | जयपुर | 116 |
| 12. | प्रिन्सेस टी.टी. कॉलेज, राधास्वामी बाग के सामने, वीपीओ, जैतपुरा, तहसील–चौमू, जयपुर **(महिला महाविद्यालय)** | जयपुर | 121 |
| 13. | स्व. कुमारी लक्ष्मी बधाला एज्यूकेशन एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्‌यूट, एन.एच.–11, राजकीय स्टेडियम के पास, गोविन्दगढ, चौमू, जयपुर **(महिला महाविद्यालय)** | जयपुर | 135 |
| 14. | खोज शिक्षक संस्थान, सीतापुरा विस्तार, ग्राम–विधानी, गोनेर रोड़, जयपुर | जयपुर | |
| 15. | महला टीचर्स ट्रेनिग इन्स्टीट्‌यूट, खाटू श्याम जी रोड़, रींगस, सीकर | सीकर | 148 |
| 16. | विश्व भारती शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, मोहन निवास, दधिमति मार्ग, सीकर | सीकर | 137 |
| 17. | अरावली कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, रीको इन्ड्रस्टीयल एरिया, नीम का थाना, सीकर | सीकर | 124 |
| 18. | वर्धा कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, नीम का थाना, सीकर | सीकर | 150 |
| 19. | वर्द्धमान (शिक्षाशास्त्री) शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, गोकलपुरा, सीकर | सीकर | 151 |
| 20. | ए.एन. शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, गोकलपुरा, सीकर | सीकर | 163 |
| 21. | आर्य शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, दौलतपुरा, सीकर | सीकर | 143 |
| 22. | श्री रधुनाथ शिक्षाशास्त्री (शिक्षक प्रशिक्षण) महाविद्यालय, दातारामगढ़, सीकर | सीकर | 138 |
| 23. | श्री अर्जुनराम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, विकास कॉलोनी, समर्थपुरा, पिपराली रोड़, सीकर | सीकर | 107 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24. | सम्बल कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, शिवसिंहपुरा, नवलगढ़ रोड़, सीकर | सीकर | 123 |
| 25. | अम्बिका शिक्षक प्रशिक्षण (शिक्षाशास्त्री) महाविद्यालय, मलसीसर, झुन्झूनू **(महिला महाविद्यालय)** | झुन्झूनू | 113 |
| 26. | नोरंगराम दयानन्द ढूकिया शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, एन.आर. डी.डी. कैम्पस, मलसीसर रोड, झुन्झूनू | झुन्झूनू | 110 |
| 27. | श्रीमती सरला परसरामपुरिया शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, ग्राम पोस्ट–डूण्डलोद, तहसील–नवलगढ़, झुन्झूनू | झुन्झूनू | 191 |
| 28. | श्रीमती रामकुमारी टी.टी. कॉलेज, रानीसती रोड़, मुकुन्दगढ़, तहसील–नवलगढ़, झुन्झूनू | झुन्झूनू | 125 |
| 29. | श्रद्धानाथ टीचर्स ट्रेनिग कॉलेज, गुढा गौडजी, झुन्झूनू | झुन्झूनू | 157 |
| 30. | पं. जी.आर. मेमोरियल शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, बिसाऊ, झुन्झूनू | झुन्झूनू | 140 |
| 31. | जीवनी शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, खेतड़ी रोड़, चिड़ावा, झुन्झूनू | झुन्झूनू | 158 |
| 32. | श्री गणेश कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, चूडीना, झुन्झूनू | झुन्झूनू | 131 |
| 33. | बीरबल मेमोरियल टी.टी. कॉलेज, नारायणपुर रोड़, बानसूर, अलवर | अलवर | 149 |
| 34. | भारतीय प्रशिक्षण संस्थान, ग्राम–बिजोरावास, पोस्ट–महाराजावास, महाराजावास रोड़, तहसील–बहरोड़, जिला–अलवर | अलवर | 127 |
| 35. | प्रशस्वी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, कलेक्ट्रेट चौराहा, आगरा रोड़, दौसा | दौसा | 129 |
| | **(B) भरतपुर संभाग :–** | | |
| 36. | श्री दिगम्बर जैन आदर्श महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, श्रीमहावीर जी करौली **(महिला महाविद्यालय)** | करौली | 106 |
| 37. | एस.एन. कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, बड़ागांव रोड़, एन.एच.–3, मनिया, धौलपुर | धौलपुर | 156 |
| 38. | वंश हायर एज्यूकेशन इन्स्टीट्यूट, रेलवे क्रॉसिग के पास, बड़ा गांव रोड़, एन.एच.–3, धौलपुर | धौलपुर | 139 |
| 39. | राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, केन्द्रीय विधालय के सामने, ठीगला, सवाई माधोपुर | सवाई माधोपुर | 128 |
| | **(C) कोटा संभाग :–** | | |
| 40. | जवाहर लाल नेहरू शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सकतपुरा, कोटा | कोटा | 117 |
| 41. | श्री महर्षि दाधीच संस्कृत टीचर्स ट्रेनिग कॉलेज, केशवपुरा, कोटा | कोटा | 108 |
| 42. | पी.एल. दुबे मेमोरियल शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, जगपुरा, कोटा | कोटा | 130 |
| 43. | श्री लाल बहादुर शास्त्री शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सेक्टर–01, महावीर नगर, दादाबाड़ी, लाडपुरा, कोटा | कोटा | 132 |
| 44. | श्री आनासागर महिला शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, रंगबाडा रोड़ कोटा **(महिला महाविद्यालय)** | कोटा | 169 |
| 45. | मदर इण्डिया शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, सारोला रोड़, खानपुर, झालावाड | झालावाड | 109 |
| 46. | विजियाराजे महिला शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, अकलेरा, बारां रोड़, झालावाड़ **(महिला महाविद्यालय)** | झालावाड | 142 |
| | **(D) अजमेर संभाग :–** | | |
| 47. | देव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मोदी की चौकी, सिविल लाईन्स, टोंक | टोंक | 160 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 48. | वर्धमान टीचर्स ट्रेनिग कॉलेज, सर्किट हाऊस, सिविल लाईन्स, टोंक | टोंक | 166 |
| 49. | श्रीमती मोहरी देवी तापड़िया शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, जसवन्तगढ़, नागौर | नागौर | 154 |
| 50. | छोटी देवी मेमोरियल बी.एड. कॉलेज, डीडवाना, नागौर | नागौर | 146 |
| 51. | सीमा शिक्षाशास्त्री बी.एड. कॉलेज, 129/1, हसोर रोड़, परबतसर, नागौर | नागौर | 136 |
| 52. | राना शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, गणेश डुंगरी रोड़, बोरावड़, मकराना, नागौर | नागौर | 164 |
| | **(E) उदयपुर संभाग :–** | | |
| 53. | निम्बार्क शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, उदयपुर | उदयपुर | 105 |
| 54. | मेवाड़ शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, ई–ब्लॉक, सेक्टर–14, हिरण मगरी, उदयपुर | उदयपुर | 111 |
| 55. | विवेकानन्द कॉलेज ऑफ टीचर्स एज्यूकेशन, धूनीमाता रोड़, डबोक, उदयपुर | उदयपुर | 119 |
| 56. | आर.एन.टी. कॉलेज ऑफ टीचर्स एज्यूकेशन, हाईवे, माताजी के मंदिर के पास, कपासन, चित्तौडगढ़ | चित्तौडगढ़ | 120 |
| 57. | श्रीनाथ शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बड़ी सादड़ी, चित्तौडगढ़ | चित्तौडगढ़ | 162 |
| 58. | महर्षि महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, भीलवाड़ा रोड़, भावा कॉकरोली, राजसमन्द **(महिला महाविद्यालय)** | राजसमन्द | 126 |
| 59. | ज्ञायक संस्कृत टी.टी. कॉलेज C/O ज्ञायक मार्केटिग लिमिटेड, 40, इन्डस्ट्रियल एरिया, बांसवाड़ा | बांसवाड़ा | 159 |
| | **(F) बीकानेर संभाग :–** | | |
| 60. | चौधरी एम.एस. मेमोरियल टी.टी. कॉलेज, तारानगर, सहवा रोड़, चूरू | चूरू | 122 |
| 61. | अमीचन्द मेमोरियल शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, तारानगर, चूरू | चूरू | 155 |
| 62. | टाईम्स शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, 22, गौशाला मार्केट, हनुमानगढ़ | हनुमानगढ़ | 145 |
| 63. | श्री श्याम शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय, भादरा, हनुमानगढ | हनुमानगढ़ | 161 |
| 64. | करूणा शिक्षक प्रशिक्षण (शिक्षाशास्त्री) महाविद्यालय, चक–2, एन.डब्ल्यू.एन. बाईपास रोड़, हनुमानगढ़ जंक्शन | हनुमानगढ़ | 133 |
| 65. | गीता सहशिक्षा टी.टी. कॉलेज, कुपली रोड़, नई मण्डी घड़साना, श्रीगंगानगर | श्रीगंगानगर | 134 |
| 66. | दधिमथी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, हनुमानगढ़ रोड़, अंधविद्यालय के समीप, श्रीगंगानगर | श्रीगंगानगर | 165 |

## संलग्नक –6

## नियमित/पूर्व परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा फार्म जमा कराने हेतु

## शिक्षाचार्य (M.Ed.) महाविद्यालय की सूची

| क.सं. | शिक्षाचार्य महाविद्यालय का नाम (संभागवार) | जिले का नाम | महाविद्यालय कोड संख्या |
|---|---|---|---|
| | **(A) जयपुर संभाग :–** | | |
| 1. | जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, शिक्षा संकाय, जयपुर | जयपुर | 118 |

# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

ग्राम – मदाऊ, पोस्ट – भांकरोटा, जयपुर– 302026

**क्रमांकः प(58)/जरारासंविवि/परीक्षा आयो./16/** **दिनांकः**

**प्राचार्य,**
**सम्बद्ध समस्त शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय एवं**
**शिक्षाशास्त्र विभाग, जरारासंविवि, जयपुर**

**विषय :–शिक्षाशास्त्री/शिक्षाचार्य परीक्षा 2016 के नियमित एवं पूर्व परीक्षार्थियों के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित विज्ञप्ति के क्रम में शिक्षाशास्त्री/शिक्षाचार्य परीक्षा 2016 के नियमित एवं पूर्व परीक्षार्थियों से विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाईट www.jrrsuraj.com के माध्यम से भरवाये जाने का कार्यक्रम जारी किया जा चुका है। इस हेतु आप परीक्षार्थी के आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी (दो प्रति) जमा कर अग्रेषण किए जाने हेतु निम्न दिशानिर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे–

1. सर्वप्रथम आप विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति व परीक्षा फार्म सम्बन्धी दिशा–निर्देश की प्रति वेबसाईट www.jrrsuraj.com से डाउनलोड कर प्राप्त करें, जिसे कृपया आपके महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर परीक्षार्थियों के निर्धारित तिथि की जानकारी हेतु चस्पा करावें।
2. उक्त दिशा निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.jrrsanskrituniversity.ac.in से भी आप प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देश क्रम संख्या 1 से 17 के अनुसार आपको परीक्षार्थी द्वारा कम्प्यूटर ऑनलाईन से डाउनलोड किए हुए आवेदन पत्र की दो प्रतियॉ व निर्धारित बैंक में परीक्षा शुल्क चालान द्वारा जमा करवाने की प्रति, परीक्षा की पात्रता सम्बन्धी अंकतालिका की सत्यापित प्रति परीक्षार्थी द्वारा प्रस्तुत करने पर उसकी पात्रता की जॉच करनी होगी।
3. परीक्षार्थी निर्धारित बैंक की किसी भी चयनित शाखा में परीक्षा शुल्क जमा करवाने के उपरान्त ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की निर्धारित तिथि के अगले दो कार्य दिवस में अपने अध्ययनरत महाविद्यालय में जमा करवाने हेतु उपस्थित होगा। महाविद्यालय द्वारा बैंक में जमा शुल्क के चालान नम्बर, दिनांक व परीक्षा शुल्क राशि का विवरण प्रत्येक छात्र के परीक्षा फार्म पर आवश्यक रूप से अंकित किया जावेगा। महाविद्यालय परीक्षा फार्म, बैंक चालान की प्रति, पात्रता की अंकतालिका की सत्यापित फोटो प्रति व परीक्षार्थियों की सूची इस प्रमाण पत्र के साथ विश्वविद्यालय को प्रेषित करेगा कि कितने विद्यार्थी पात्र हैं तथा कितने विद्यार्थी अपात्र हैं? निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण दिशा निर्देश में अंकित है जो वेबसाईट पर उपलब्ध है।
4. संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्ठियॉ पूर्ण रूप से सही भरी जा चुकी हैं। यदि आवेदन पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्ठि जैसे –परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व में उत्तीर्ण किए गए अनिवार्य प्रश्न पत्रों के नाम, पूर्व की कक्षा में प्राप्त किए गए अंकों का विवरण, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाए जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी के द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय द्वारा जमा किया जायेगा। चालान के पीछे जमाकर्ता के हस्ताक्षर व महाविद्यालय की मुहर अंकित कर परीक्षार्थी को रसीद के रूप में प्रदान करें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना है कि आवेदन पत्र की कम्प्यूटर प्रति ऊपर रहे तथा उसके नीचे कार्यालय प्रति मय आवश्यक अंकतालिकाएँ आदि संलग्न हों। उपर्युक्त में से किसी कारणवश परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त होने की स्थिति में संबंधित महाविद्यालय ही जिम्मेदार होगा।
5. समस्त प्राचार्य अपने स्वयं के मोबाईल नम्बर, महाविद्यालय के स्थायी दूरभाष नम्बर, ई–मेल एड्रेस विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को निम्न प्रारूप में विश्वविद्यालय के E-mail jrrsu@yahoo.com/डाक द्वारा दिनांक 31.03.2016 तक आवश्यक रूप से भिजवायेंगे:–

| क.सं. | प्राचार्य का नाम व महाविद्यालय का पता | महाविद्यालय के दूरभाष नम्बर | प्राचार्य के मोबाईल नम्बर व ई–मेल एड्रेस | परीक्षा प्रभारी का नाम | परीक्षा प्रभारी के मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|

6. परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र अन्तिम तिथि से (बिना विलम्ब शुल्क, विलम्ब शुल्क, परीक्षा फीस के बराबर शुल्क) आगामी दो दिवस तक जमा करवा सकता है। अतः महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों से प्राप्त आवेदन पत्र निर्धारित तिथि के अगले दो दिवस तक स्वीकार किए जाएंगे, किन्तु महाविद्यालय द्वारा यह विशेष ध्यान रखा जावे कि परीक्षार्थी द्वारा बैंक में चालान द्वारा परीक्षा शुल्क जमा करवाने की तिथि ऑनलाईन द्वारा आवेदन पत्र भरे जाने की निर्धारित तिथि के अगले दो दिवस के पश्चात् की न हो। परीक्षार्थी ऑनलाईन

आवेदन भरने की निर्धारित अन्तिम तिथि के अगले दो दिवस तक परीक्षा शुल्क बैंक में चालान द्वारा जमा करा सकता है व आवेदन पत्र की हार्डकापी भी निर्धारित अन्तिम तिथि के आगामी दो दिवस तक ही जमा करा सकता है।

7. महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार करने तथा विश्वविद्यालय में आवश्यक रूप से भिजवाने का निर्धारित कार्यक्रम की तिथियां निम्नानुसार हैं :–

| **क्र. सं.** | **निर्धारित तिथि** | **परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि** | **महाविद्यालय में जमा किये गये परीक्षा आवेदन पत्रों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथि** |
|---|---|---|---|
| 1 | बिना विलम्ब शुल्क (08.03.2016 से 21.03.2016 तक) | 23.03.2016 | 27.03.2016 |
| 2 | विलम्ब शुल्क सहित (22.03.2016 से 28.03.2016 तक) | 30.03.2016 | 01.04.2016 |
| 3 | परीक्षा फीस के बराबर दोगुना शुल्क सहित (29.03.2016 से 02.04.2016 तक) | 04.04.2016 | 07.04.2016 |

**(परीक्षा विभाग द्वारा आवेदन पत्रों की हार्डकॉपियां महाविद्यालयों से निर्धारित की गई तिथि अनुसार प्राप्त की जायेगी। निर्धारित तिथि के पश्चात् देरी से जमा कराने के कारण यदि प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम में विलम्ब होता है तो इसके लिए संबंधित महाविद्यालय पर नियमान्तर्गत कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।)**

8. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र में परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपियां कक्षावार व **परीक्षार्थियों के नाम के अंग्रेजी वर्णनमाला (A से Z के क्रमानुसार) अनुसार व्यवस्थित कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन** पत्रों की संख्या का अंकन करते हुए उल्लेखित विवरणानुसार अनिवार्य रूप से स्वयं अथवा डाक द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करवाना होगा, जिसका यात्रा भत्ता विश्वविद्यालय द्वारा देय नहीं होगा।
9. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र में उल्लेखित विवरणानुसार परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र महाविद्यालय द्वारा स्वयं विश्वविद्यालय में जमा करवाने होंगे, जिसका यात्रा भत्ता विश्वविद्यालय द्वारा देय नहीं होगा।

**<u>आवेदन पत्र के संबंध में अन्य सामान्य निर्देश :–</u>**

10. यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में नामांकन/योग्यता होने का अंकन कर दिया जाता है जबकि परीक्षार्थी विश्वविद्यालय में नामांकित नहीं होता है तो ऐसी परिस्थिति में ऑनलाईन चालान में नामांकन/योग्यता शुल्क नहीं लिया जाता है। कृपया ऐसे परीक्षार्थियों से महाविद्यालय में उपलब्ध (मैन्यूवल फार्म) नामांकन/योग्यता आवेदन पत्र मैन्यूवल भरवाया जाकर निर्धारित शुल्क कुलसचिव, जरारासंविवि, जयपुर के नाम डीडी प्राप्त कर परीक्षा आवेदन पत्र की सूची के साथ पृथक सूची संलग्न कर अग्रेषित करें।
11. यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा त्रुटिवश नियमित से पूर्व अथवा पूर्व से नियमित ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भर दिया है तथा इस त्रुटि के आधार पर परीक्षार्थी द्वारा बैंक में चालान द्वारा शुल्क भी जमा करा दिया है तो ऐसी परिस्थिति में निर्धारित परीक्षा शुल्क के अन्तर की राशि का डीडी कुलसचिव, जरारासंविवि, जयपुर के नाम परीक्षार्थी से पृथक से तैयार करवाकर प्राप्त कर आवेदन पत्र के साथ स्वीकार कर आवेदन पत्र में डीडी नम्बर व राशि अंकन करें। ऐसे प्राप्त समस्त डीडी की पृथक सूची संलग्न कर अलग से परीक्षा विभाग को भिजवायें/सम्भलवायें।
12. यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में त्रुटिवश अन्य कोई विवरण अंकित कर दिया है तो उसे महाविद्यालय स्तर पर **लाल स्याही पैन** से आवश्यक संशोधन कर प्रतिहस्ताक्षरित कर प्रमाणित करें।
13. महाविद्यालय परीक्षार्थियों से डीडी के द्वारा लिये गये शुल्क को पृथक सूची बनाकर परीक्षार्थी के आवेदन पत्र क्रमांक, नाम, कक्षा का नाम, डीडी संख्या, दिनांक व राशि इत्यादि का अंकन करते हुए विवरण पत्रक तैयार कर डीडी संलग्न कर विश्वविद्यालय को पृथक से उपलब्ध करवायंगे। जिस विद्यार्थी से डीडी के द्वारा शुल्क लिया गया है उसके आवेदन पत्र पर लिये गये शुल्क की राशि का अंकन महाविद्यालय स्तर पर अंकित कर प्रमाणित किया जायेगा।
14. अभ्यर्थी द्वारा त्रुटिवश महाविद्यालय का चयन कर लिये जाने के पश्चात् उसी अनुसार बैंक के चालान के द्वारा शुल्क जमा करा दिये जाने की स्थिति में महाविद्यालय द्वारा आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा तथा आवेदन पत्र में महाविद्यालय व कोड संख्या में यथा संशोधन किया जायेगा।
15. शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय जिसमें कि परीक्षार्थी नियमित अध्ययनरत है अथवा गत वर्ष नियमित विधार्थी रहा है तथा इस वर्ष पूर्व परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा आवेदन पत्र भरा है, ऐसे परीक्षार्थियों के ही परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी महाविद्यालय द्वारा स्वीकार की जायेगी। अन्य महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी स्वीकार कर अग्रेषित नहीं की जायेगी।

परीक्षार्थी के आवेदन भरने में या अन्य किसी प्रकार तकनीकी समस्या आ रही हो तो वह सहायता के लिए हैल्पलाईन नम्बर 8561809619 पर तथा विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में दूरभाष नम्बर 0141–5130243 पर कार्यालय समय में सम्पर्क कर सकता है।

संलग्नः–प्राचार्य द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र
अग्रेषण के **निर्धारित प्रपत्र** की प्रति।

**भवदीय**

**परीक्षा नियंत्रक**

# परीक्षा आवेदन अग्रेषण प्रपत्र

**महाविद्यालय का नाम :— ......................................................................................**

**......................................................................................**

क्रमांकः— दिनांक :—

शिक्षाशास्त्री / शिक्षाचार्य परीक्षा 2016 की परीक्षा हेतु महाविद्यालय द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों की पात्रता व अपात्रता की जॉच करने उपरान्त निम्न विवरणानुसार आवेदन पत्र विश्वविद्यालय को अग्रेषित किए जाते हैंः—**(आवेदन पत्र परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र (A से Z) एल्फाबेटिगल अनुसार व्यवस्थित कर पृथक—पृथक पैकिंग में किये हुए होने पर ही परीक्षा विभाग द्वारा स्वीकार किये जायेगें।)**

| क्र.सं. | परीक्षा का नाम | नियमित | | पूर्व | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | योग्य परीक्षा आवेदन पत्रों की कुल संख्या | अयोग्य परीक्षा आवेदन पत्रों की कुल संख्या | योग्य परीक्षा आवेदन पत्रों की कुल संख्या | अयोग्य परीक्षा आवेदन पत्रों की कुल संख्या |
| 1 | शिक्षाशास्त्री | | | | |
| 2 | शिक्षाचार्य | | | | |

उक्त विवरणानुसार उल्लेखित संख्या के सभी परीक्षा आवेदन पत्रों को महाविद्यालय स्तर पर पात्रता व अपात्रता की जॉच भलीभॉति कर ली गई है व प्रत्येक परीक्षा आवेदन पत्र पर चालान संख्या, दिनांक, परीक्षा शुल्क की राशि व परीक्षा आवेदन पत्र के योग्य पाए जाने पर पात्र व अयोग्य पाए जाने पर कारण उल्लेखित करते हुए अपात्र होने का अंकन कर दिया गया है।

**संलग्न :—कुल परीक्षा आवेदन पत्रों की संख्या —**

**प्राचार्य**
**हस्ताक्षर व सील**